# Rotary Club KOTDWARA

**Rotary Fellowship Month Issue**

THE MAGIC OF ROTARY

*Rotary International Distt.-3100*

# मालिनी

| अध्यक्ष | सचिव | Rotary | अंक- 19 वर्ष- 45 | Editor & Creation by |
|---|---|---|---|---|
| रो. गुरुबचन सिंह | रो. डी. पी. सिंह | | June 2025 | रो.योगेन्द्र प्रकाश गिलरा |





**R. I. President**
**Rtn. Stephanie Urchik**

**District Governor**
**Rtn. Deepa Khanna**






## Service Above Self

**Rotary club Kotdwara**

**R.I. District-3100**

**Charter No.-15354**

**Charter Date: 21st June 1976**



**Rtn. Gurubachan Singh**
**Club President**



**Rtn. D.P. Singh**
**Club Secretary**

**2024-25**

**Rotary Fellowships** are international, independently organized groups of any interested individual who share a common hobby, recreational interest, or profession. Rotary Fellowships give their members the opportunity to have fun, make new friends around the world, and enhance their experience in Rotary.

Many fellowships also use their special interests to serve others. For example, the Fellowship of Canoeing Rotarians has organized cleanups of polluted rivers; members of the International Computer Users Fellowship of Rotarians have hosted training sessions for Rotarians and the general public; and members of the International Fellowship of Rotarian Scuba Divers join local Rotary clubs to undertake service projects on each of their diving trips. There are more than 100 fellowships.

**Exchange of District & Club flags with the DG & GSE Coordinator of RID-1290 England**
**During the parting meeting of GSE Team of RID-3100 visit to Cornwal UK in April -May 2002**








Enjoy Rotary - Share Rotary Serve People - Serve with Smile

## रोटरी फ़ेलोशिप जून माह पर विशेष

अधिकांश दैनिक रोटरी फ़ेलोशिप गतिविधियाँ ऑनलाइन या पत्राचार के माध्यम से हो सकती हैं, सबसे सफल फ़ेलोशिप सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने के लिए नियमित अवसर प्रदान करती हैं।

उदाहरण के लिए, कई स्पोर्ट्स फ़ेलोशिप क्षेत्रीय मैच और विश्व टूर्नामेंट आयोजित करते हैं। यात्रा या भ्रमण से संबंधित फ़ेलोशिप गंतव्य यात्राओं की योजना बनाते हैं, जबकि व्यावसायिक फ़ेलोशिप अक्सर पेशेवर सम्मेलनों और सेमिनारों में मिलने-जुलने की योजना बनाते हैं।

इस प्रकार की गतिविधियाँ फ़ेलोशिप और रोटरी में मौजूदा सदस्यों की रुचि बनाए रखने में मदद करेंगी, और नए सदस्यों को भी आकर्षित करेंगी।

**संक्षेप में, फ़ेलोशिप**

- क्लब या रोटरी डिस्ट्रिक्ट से परे रोटरी अनुभव को समृद्ध करती है;
- विभिन्न संस्कृतियों और क्षेत्रों के अन्य रोटेरियन, रोटारैक्टर्स, कार्यक्रम प्रतिभागियों और पूर्व छात्रों के साथ जुड़ाव को प्रोत्साहित करती है;
- दुनिया भर से समान रुचि वाले लोगों को एकजुट करती है, जो दीर्घकालिक मित्रता और दुनिया की बेहतर समझ को सुविधाजनक बनाने में मदद करती है।
- फ़ेलोशिप समान पेशे के अन्य लोगों के साथ परिचय के माध्यम से व्यावसायिक विकास को भी आगे बढ़ाती है।

यह सब फेल्लोशिप्स , व्यक्तियों को सेवा के लिए नए अवसरों का पता लगाने की भी अनुमति देते हैं। फेलोशिप को बढ़ावा देना एक जिम्मेदारी है जिसे हम सभी रोटरी को विकसित करने और बढ़ावा देने के तरीके के रूप में साझा कर सकते हैं।

- अपने क्लब या Distt. की वेबसाइट पर फेलोशिप द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और गतिविधियों का प्रचार करें।
- स्थानीय फेलोशिप अधिकारियों को क्लब मीटिंग या Distt. सम्मेलन में उनकी गतिविधियों और संबंधित सेवा कार्यों के बारे में बोलने के लिए आमंत्रित करें।
- ऐसे रोटेरियन की तलाश करें जो अपने पेशे में उत्कृष्ट हों या किसी शौक के प्रति उत्साही हों और उन्हें फेलोशिप में शामिल होने या नए फेलोशिप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

रोटरी इंटरनेशनल ने रोटरी फेलोशिप बनाने के लिए विशिष्ट नीतियाँ स्थापित की हैं। आरआई औपचारिक रूप से मान्यता देने का निर्णय लेने से पहले प्रत्येक संभावित समूह का कठोर मूल्यांकन करता है। हालाँकि, प्रत्येक फेलोशिप अपने स्वयं के नियमों, बकाया आवश्यकताओं और प्रशासनिक संरचना के साथ आरआई से स्वतंत्र रूप से संचालित होती है।

## घर से पर्यावरण व्यवहार



### 5 जून पर्यावरण दिवस पर विशेष लेख

**(PHF Rtn. Dhiraj Dhar Bachhuwan)**

अक्षरधाम कूड़ा पहाड़, द्वारिका उपनगर की नालियाँ, गाड़ीघाट का कूड़ा ढेर, और ऐसे अन्य उपनगरीय, नगरीय कूड़ा ढेरों के इर्द-गिर्द दो-एक किलोमीटर के दायरे से अन्दर घुसते ही, नथुनों से जो हवा का झोंका, अंदर फेफड़ों तक ही पहुंच पाती है दिमाग झंड, दही बराबर मोटी ना तैर पाने बदबूदार असहनीय तरह-तरह अजीब-अजीब बदगंद, गंधों के गुबार, दिलोदिमाग, दोनों बेकाबू, मितली और उलटी, फौरन हाजिर हो नापसंदी का अगले दर्जे का इजहार साफ-साफ इन्कार का जोरदार ऐलान, कि ह्यां से सीधा-सीधा रफा-दफा हो ह जाओ। कल्पना /अंदाजा लगाइए जो हजारों की आबादी इन स्थानों के इर्द-गिर्द रह रही वो तो इसी आस कि काश इस नर्क /दोज़ख की बदबू से निजात मिले।

घनी आबादी और कूड़ा ढेर दोनों चाचा-ताऊ के तरह साथ-साथ रचने-बसने वाले जैसे, ऐक आया तो दूसरे साये की तरह आना ही है।

कूड़ा निस्तारण, कूड़ा प्रबंधन, कूड़ा रिसाइकलिंग जैसे नगरीकरण के अनिवार्य कंपोनेंट /भाग हो गये हैं।

आज कूड़ा निस्तारण की गाड़ी आई तो मेरा ड्राइवर से महीने बाद ही घर के आगे रूकने का अनुरोध था। कूड़ा नहीं तो कूड़ा ढेर नहीं।

आज उत्तराखण्ड के एकदम से फैले-पसरे शहरीकरण गैर जरूरी निगमीकरण के दौर में सुशिक्षित, सज्जन, सभ्य, संवेदनशील नागरिक से यह ही उम्मीद की जानी चाहिए कि वह कूड़ा निस्तारण का ऐसा व्यवहार बर्ताव करे कि महीने में एक बार कूड़ा फेंकने की नौबत आये।

कूड़ा प्रबंधन के कुछ उपयोगी बिंदु निम्न प्रकार हो सकते हैं।

- थैला-लाठी युग्म आंखों देखा है, व्यवहारिक है खरीदारी के लिए थैला, झोला, घर से लेकर जांये।
- घर के दैनिक क्रियाकलाप में भागीदारी इसी जन्म में फलीभूत होता है, घरेलू वस्तुओं के घर में प्रयोग उपयोग में भागीदारी करें। कभी भी किसी छोटे-छोटे हो सकने योग्य कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर ना हों।
- जैविक और अजैविक दो खांचो को दिमाग में बना कर इनके कूड़ा की निस्तारण की योजना हमेशा जुगत में रहें, काम करते रहें।
- अजैविक कूड़ा की मात्रा घरों में बहुत कम आती है और काफी कुछ अजैविक कूड़ा कबाड़ कबाड़ी खरीद लेते हैं।
- जैविक कूड़ा, फल सब्जी के छिलके, बाकी बचा भोजन है, जिसका निस्तारण नजदीकी पशुपालकों, गो-सदन आदि के माध्यम से किया जा सकता है।
- आजकल ऐसे वाहन भी हैं जो फल-सब्जी के और बचा खाना दरवाजे से उठा लेते हैं।
- आजकल अजैविक कूड़ा-करकट घर पर कंपोस्ट बनाया जाता है।
- दिखावटी पन सस्ती लोकप्रियता का साधन है। वास्तविक, धरातलीय काम करने के लिए थोड़ा और वास्तविक सुशिक्षित, सज्जन, सभ्य, संवेदनशील नागरिक व्यवहार की आवश्यकता है।

**पर्यावरण दिवस 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

**(PHF Rtn. Dhiraj Dhar Bachhuwan)**

# सचिव रिपोर्ट



**रोटरी क्लब कोटद्वार माह मई 2025**

- मई माह की प्रथम मीटिंग 10 मई 2025 दिन शनिवार एंबियंस गार्डन कोटद्वार में आयोजित हुई।
- जिसमें जिसमें रेस्पेक्टेड रो. धीरज धर बच्छवान जी का जन्मदिन जोकि आने वाले 27 मई को था तो अग्रिम सभी रोटेरियन ने 10 मई को ही मीटिंग में मनाया। मीटिंग में पिछले माह के मिनिट्स पर चर्चा हुई। तथा RTN ऋषि ऐरन जी ने 27-28 अप्रैल को रामनगर में PELS & SELS, DTLS लर्निंग प्रोग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मीटिंग में आगामी 21 जून 2025 को रोटरी क्लब कोटद्वार के 49 वर्ष पूर्ण होने एवं 50 वा गोल्डन जुबली के सुअवसर को मनाने पर चर्चा हुई। तथा 18 मई को 10+2 के तीनों बोर्ड के टॉपर्स छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित करने तथा इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता करने के लिए चर्चा हुई। तथा मई माह में आने वाले सभी रोटेरियन को उनके जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर सभी रोटेरियन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अंत में धीरज धर बच्छवान जी के उनकी बेटी एवं बेटे की शादी के लिए सभी ने बधाई एवं शुभकामना दी।
- 17 मई को विजय तिरंगा यात्रा में रोटेरियन झंडा चौक कोटद्वार में शामिल हुए ।
- 18 मई को रोटरी भवन कोटद्वार में क्विज प्रतियोगिता, 10+2 के मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान, इंटरेक्ट क्लब DAV एवं सरस्वती विद्या मंदिर उमरावनगर कोटद्वार को चार्टर प्रदान करना एवं मुख्य अतिथि (DGND) रो. डॉ काव्य सौरभ रस्तोगी एवं रो. मनोज कुमार जी का स्वागत अध्यक्ष रो. गुरूबचन सिंह सचिव रो. डी पी सिंह एवं समस्त रोटेरियन ने मिलकर किया। कई रोटेरियन ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम का संचालन रो. कमल गुप्ता जी ने किया। अन्त में वोट ऑफ थैंक्स रो. डी पी सिंह ने किया।
- 28 मई को कॉन्डोलेस मीटिंग की गई। जिसमें रेस्पेक्टेड रो. डॉ संध्या नेगी जी के 25 मई 2025 को देहान्त होने पर शोक संदेश एवं शोक व्यक्त करते हुए 28 मई को श्रद्धांजलि सायं 7:45 बजे दी गई। तथा रो. डॉ संध्या नेगी जी के द्वारा शिक्षा, सामाजिक, उत्कृष्ट कार्य करने एवं रोटरी क्लब कोटद्वार को बेहतरीन सहयोग देने हेतु उन्हें याद किया गया। सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पत्र एवं फोटो संलग्न

धन्यवाद

**सचिव रोO डी पी सिंह**


बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

रोटरी क्लब की क्विज में आरपी पब्लिक स्कूल रहा अव्वल

मेधावियों व रचनात्मक गतिविधियों के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

रोटरी क्लब की क्विज में आरपी पब्लिक स्कूल रहा अव्वल

'छात्र अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जिम्मेदार नागरिक बनें'

गढ़वाल जागरण

रोटरी क्लब के सदस्यों ने डा.संध्या नेगी को दी श्रद्धांजलि

बच्चों को करिअर के बारे में दी जानकारी

**Inter-School GK Quiz Contest at Rotary Bhawan 18th May 2025**
**Program & Project Chairman- Rtn. Y.P.Gilra**




**Honouring Top 12th & 10th Class Meritorious Students**
**Project Chairman: Rtn. Vijay Kr. Maheshwari Sr. 18th May 25**

## हार्दिक श्रद्धांजलि
## स्व. डा. रो. संध्या नेगी



रोटरी क्लब कोटद्वारा द्वारा 28 मई को आदरणीय रो. डॉ संध्या नेगी जी के 25 मई 2025 को देहान्त होने पर शोक संदेश एवं शोक व्यक्त करते हुए हार्दिक श्रृद्धांजलि दी गई। तथा रो. डॉ संध्या नेगी जी के द्वारा शिक्षा, सामाजिक, उत्कृष्ट कार्य करने एवं रोटरी क्लब कोटद्वार को हमेशा बेहतरीन सहयोग देने हेतु उन्हें याद किया गया।

आदरणीय रो. संध्या नेगी जी रोटरी क्लब कोटद्वारा परिवार के साथ पिछले ३७ वर्षो से जुडी हुई थीं। वर्ष 1989 में वह इनर व्हील कोटद्वार की सदस्य बनी। तथा रोटरी क्लब कोटद्वारा की सक्रीय रोटेरियन वह 2004 में बनी। वह बहुत ही हंसमुख , सरल ह्रदय , कर्मठ एवं दानशील थीं। उन्होंने रोटरी क्लब कोटद्वारा के माध्यम से इंटरनेशनल रोटरी फाउंडेशन में अनेको बार पॉल हेरिस फेलो बन कर अपनी दान शीलता परिचय दिया। उनके विशाल ह्रदय एवं मधुर स्वभाव को हम सबके लिए,भुला पाना संभव नहीं है। ईश्वर उनकी पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं आदरणीय रो. डा. के. एस. नेगी जी एवं उनके समस्त परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति ॐ

**--समस्त रोटरी परिवार कोटद्वारा**





**Some Memories of May 2025 Meetings; Projects; Events & Activities of Rotary Club Kotdwara**

## Youth Activities by RC Kotdwara on 18th May

रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे इन्ट्रेक्ट क्लबो को चार्टर प्रदान करना, मेधावी छात्र सम्मान, प्रेरक वार्ता व क्विज प्रतियोगिता शामिल रही, नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी सामुदायिक केंद्र मे आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मण्डल 3100 के मनोनीत मण्डलाध्यक्ष डाॅ काव्य सौरभ रस्तोगी ने किया ।इस अवसर उन्होने कहा कि बच्चे पढ़-लिख कर अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदो पर पंहुचे तथा समाज व देश हित मे कार्य करे। उन्होने कविता के माध्यम से बच्चो को प्रेरित किया।

रोटरी अध्यक्ष गुरूबचन सिंह ने सभी स्वागत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य विभिन्न क्षेत्र मे प्रतिभाओ को उभारना है।

इस अवसर पर सचिव डी पी सिंह,सहायक मण्डलाध्यक्ष मनोज कुमार रस्तोगी,अनीत चावला, वाई पी गिलरा, विजय कुमार माहेश्वरी सीनियर, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, सचिन गोयल व डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के प्रथम चरण मे डी ए वी पब्लिक स्कूल इन्ट्रेक्ट क्लब व रोहित अग्रवाल सरस्वती विघा मन्दिर इण्टर कालेज उमरावनगर इन्ट्रेक्ट क्लब को चार्टर प्रदान किया गया । दोनो इन्ट्रेक्ट क्लबो के अध्यक्ष हिमानी नेगी व दीक्षा गौड़ तथा सचिव राधिका सुन्दरियाल व आदित्य ध्यानी ने अपने विचार व्यक्त किए।

तत्पश्चात अनुराग शर्मा व निशिथ माहेश्वरी द्वारा प्रेरक वार्तालाप किया गया जिसमे उन्होने बच्चो को कैरियर के बारे मे बताया तथा उनकी जिज्ञासाओ को दूर किया ।

कार्यक्रम के तृतीय चरण मे मेधावी छात्र-छात्राओ का सम्मान किया गया जिसमे उत्तराखंड बोर्ड मे जी जीआई सी लालपानी की हाईस्कूल की छात्रा प्रियांशी रावत व रा इ का कोटद्वार की इण्टर की छात्रा राखी नेगी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सी बी एस ई बोर्ड मे इण्टर मे डी ए वी पब्लिक स्कूल की अमाइरा सिंघल व हाईस्कूल मे हैरिटेज एकेडमी के युगरत्न सिंह रावत को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया । आई सी एस ई मे इण्टर मे सेन्ट जोसेफ कान्वेंट स्कूल की अश्मि पुंडीर व हाईस्कूल मे सेन्ट जोसेफ कान्वेंट स्कूल की जिया गुप्ता को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके संयोजक विजय कुमार माहेश्वरी सीनियर थे।


अन्तिम चरण मे क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता मे 10 स्कूलो के 35 छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया । सर्वप्रथम लिखित परिक्षा ली गयी तत्पश्चात दो-दो छात्र-छात्राओ के 4 ग्रुप बनाए गए फिर इनके बीच क्विज की गयी जिसका परिणाम निम्न रहा । प्रथम- आर पी पब्लिक स्कूल के वशिष्ट नेगी व सक्षम अग्रवाल , द्वितीय- मदरलैण्ड एकेडमी के अक्षित जोशी व दीपक गुसाईं तृतीय- डी ए बी पब्लिक स्कूल के आदित्य ध्यानी व शरदुल थपलियाल रहे। इन सबको पुरस्कृत किया गया ।क्विज प्रतियोगिता के संयोजक वाई पी गिलरा थे। कार्यक्रम का संचालन कमल गुप्ता ने किया ।

इस अवसर पर अध्यक्ष गुरूबचन सिंह ,सचिव डी पी सिंह , कोषाध्यक्ष सचिन गोयल, विजय कुमार माहेश्वरी सीनियर, वाई पी गिलरा,अनीत चावला, अशोक अग्रवाल , ज्योति स्वरूप उपाध्याय,डाॅ • एन पी पोखरियाल,कमल गुप्ता, ऋषि ऐरन,विजय कुमार माहेश्वरी जूनियर,अनिल भोला,अमित अग्रवाल, राजेश गुप्ता ,प्रवीण गोयल, मनीष अग्रवाल,धनेश अग्रवाल, धीरजधर बछवाण, संजीव अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल प्रतिष्ठा बिष्ट, सारिका रावत ,निशा कंडवाल इत्यादि सदस्य उपस्थित थे ।

# Youth Activities by RC Kotdwara on 18th May At Rotary Bhawan




# Some Memorable Moments Captured






ORION HORIZON : THE COLORS OF LEADERSHIP

DISTRICT LEARNING ASSEMBLY

Date : 8th June 2025 VENUE : THE SAPPHIRE GRAND, Meerut

HOST : ROTARY CLUB MEERUT

AGENDA

| TIME | SESSION | DETAILS / FORMAT |
|---|---|---|
| 09:00 – 09:45 | Arrival, Registration & Breakfast | Delegate welcome, kit handover & fellowship breakfast |
| 09:50 – 10:00 | Invocation | Ceremonial spiritual start |
| 10:00 – 10:05 | Collar Presentation & Meeting Call to Order | Collar presentation to DG by Sergeant-at-Arms & official commencement by District Governor |
| 10:05 – 10:15 | Welcome of Dignitaries | Recognition & welcome by protocol/ host committee |
| 10:15 – 10:18 | Welcome Address – Host Club President – **Rtn. Neeraj Kumar** | Brief greeting to delegates & guests |
| 10:18 – 10:22 | Address by Program Chairman – **Rtn. A. M. Bendre** | Orientation & acknowledgments introduction of Host Team |
| 10:22 – 10:28 | Address by Program Counselor – **PDG Yogesh M. Gupta** | Inspirational insights & context |
| 10:28 – 10:34 | Address by District Learning Facilitator – **PDG Dr. Brij Bhushan** | Learning vision for future ready leadership |
| 10:34 – 10:40 | Address by District Training Advisor – **PDG Lalit Mohan Gupta** | Leadership and training focus |
| 10:40 – 10:46 | Address by Vice- Governor – **PDG Rajeev K. Rastogi** | Unite for Good |
| 10:46 – 10:52 | Address by District Governor – **Rtn. Deepa Khanna** | Reflections on the year & values based leadership |
| 10:52 – 11:00 | Address by District Governor - **Elect – CA Nitin K. Agarwal** | Orion Horizon – Vision for RID 3100 |
| 11:00 – 11:25 | Address by Guest of Honor – **PDG CA Sharat Chandra** | Unite to Grow – Membership Matters |
| 11:25 – 11:50 | Chief Guest Address – **PRID Ashok Mahajan** | Transformative leadership in Rotary |
| ***11:50 – 12:00*** | ***Filler / Energizer / Transition*** | ***Energizer/AV montage/ Light moment*** |
| 12:00 – 12:30 | Panel Discussion 1 – Membership | People First, Purpose Forever PDG Sharat Chandra, PDG Sunil Kr. Gupta, PDG Sangeeta Kumar |
| 12:30 – 13:00 | Panel Discussion 2 – The Rotary Foundation | Doing Good in the World PRID Ashok Mahajan, PDG Lalit Mohan Gupta, PDG Ashok Kr. Gupta |



ORION HORIZON : THE COLORS OF LEADERSHIP

DISTRICT LEARNING ASSEMBLY

Date : 8th June 2025 VENUE : THE SAPPHIRE GRAND, Meerut

HOST : ROTARY CLUB MEERUT

AGENDA

| TIME | SESSION | DETAILS / FORMAT |
|---|---|---|
| 13:00 – 13:25 | Panel Discussion 3 – Public Image | Brand positioning, storytelling and digital strategy PDG Manish Sharda, PDG Yogesh Mohan Gupta, Rtn. Rahul Agarwal |
| 13:25 – 13:40 | Announcements by District Events Chair – **Rtn. Pankaj Agarwal** | Announcements, acknowledgments & Launch of Orion Spark – Mini Yearbook 2025–26 |
| **13:40 – 14:20** | **Fellowship Lunch** | **Networking with dignitaries & fellow leaders** |
| ***14:20 – 14:30*** | ***Filler / Energizer / Transition*** | ***Energizer/AV montage/ Light moment*** |
| 14:30 – 15:00 | Panel Discussion 4 – Smarter Rotary | IT & Digital initiatives, Practical insight into RI platforms, dashboards, digital tools Rtn. Sameer Agarwal, Rtn. Gaurav Gupta, Rtn. Akash Jain |
| 15:00 – 15:20 | Panel Discussion 5 – Rotary Compliances, Obligations & Best Practices | Governance, documentation, club standards, DCV DG Deepa Khanna, PDG Rajeev Kr. Rastogi, PDG Rakesh Singhal |
| 15:20 – 15:30 | Panel Discussion 6 – Youth Service | Igniting Tomorrow's Leaders PDG Deepak Jain, Rtn. Surya Bhushan Mittal, Rtn. Mohit Jain, Rtn. Vikas Goel |
| 15:30 – 15:40 | District Projects & Collaboration | Focus on Rotary – Inner wheel coordination & joint impact |
| 15:40 – 15:50 | Orion Honors – Celebrating Excellence | Awards & Recognition during the Year of Orion |
| ***15:50 – 16:00*** | ***Filler / Energizer / Transition*** | ***Energizer/AV montage/ Light moment*** |
| 16:00 – 16:20 | Open Forum & Resolutions | Discussion on and adoption of Resolutions, Q & A and suggestions |
| 16:20 – 16:40 | Reflections by Club Presidents/Participants | Sharing insights and take away from the day |
| 16:40 – 16:50 | Gratitude by District Governor-Elect | Acknowledgment of participants, speakers, and team |
| 16:50 – 17:00 | Vote of Thanks – Host Team | Formal closing & acknowledgments |
| **17:00 onwards** | **High Tea & Networking** | **Informal fellowship and farewell** |

Rotary Club Kotdwara's participation in the Intercity at Wheeler's Club Meerut, Host- Rotary Club Meerut 1976-77
Club Members with DG Raja Saboo, PDG Khokar, IPDG RK Berry, DGN Dr. K.K. Goel & PDG Som Nath Dhingra
With RCK Charter members Pramod K Agarwal, Vijay K Maheshwari, Pres. OP Kalra, S.S. Negi, -Ashok Kumar, Dinesh Rastogi & Mahendra K. Agarwal

